
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 87 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**आदत बदलने का मौका



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 1 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 34.0° न्यूनतम 25.0°

34915.80

2 चीन में पैदा हुआ नया वायरस
7 रोहित वनडे सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज

# गरीबों को नवंबर तक मुफ्त अनाज

## पीएम ने गरीबों और जरूरतमंदों के लिए किया बड़ा ऐलान

## 90 हजार करोड़ से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोरोना काल में छठी बार देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बड़ा ऐलान किया। साथ ही राष्ट्र के नाम संबोधन में थोड़ी नाराजगी जाहिर की। वह कुछ देशवासियों के लापरवाही भरे रवैये से आहत नजर आए।

पीएम ने कहा कि ये बात सही है कि अगर कोरोना से होने वाली मृत्यु दर को देखें तो दुनिया के अनेक देशों की तुलना में भारत संभली हुई स्थिति में है। समय पर किए गए लॉकडाउन और अन्य फैसलों ने भारत में लाखों लोगों का जीवन बचाया। जब से देश में अनलॉक 1 हुआ है, व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में लापरवाही भी बढती ही चली जा रही है। पहले हम मास्क को लेकर, दो गज की दूरी को लेकर, 20 सेकेंड तक दिन में कई बार हाथ धोने को लेकर बहुत सतर्क थे। कंटेनमेंट जोंस पर हमें बहुत ध्यान देना होगा। जो भी लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे, हमें उन्हें टोकना होगा, रोकना होगा और समझाना भी होगा।



### त्योहारों का जिक्र कर पीएम का बड़ा ऐलान

पीएम ने कहा कि हमारे यहां वर्षा ऋतु के दौरान मुख्यतौर पर कृषि क्षेत्र में ज्यादा काम होता है। अन्य सेक्टरों में थोड़ी सुस्ती होती है। जुलाई से धीरे–धीरे त्योहारों का माहौल बनने लगता है। त्योहारों का ये समय जरूरतें भी बढ़ाता है और खर्च भी बढ़ाता है। इसे ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली योजना जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर में भी लागू रहेगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के इस विस्तार में 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे।

**वन नेशन वन राशन कार्ड का हो रहा इंतजामः** अब पूरे भारत के लिए एक राशन–कार्ड की व्यवस्था भी हो रही है यानि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड। इसका सबसे बड़ा लाभ उन गरीब साथियों को मिलेगा, जो रोजगार या दूसरी आवश्यकताओं के लिए अपना गांव छोड़कर के कहीं और जाते हैं।

**पीएम मोदी ने अदा किया इनका शुक्रिया**

आज गरीब को, जरूरतमंद को, सरकार अगर मुफ्त अनाज दे पा रही है तो इसका श्रेय दो वर्गों को जाता है। पहला– हमारे देश के मेहनती किसान, हमारे अन्नदाता। और दूसरा– हमारे देश के ईमानदार टैक्सपेयर।

### मास्क और दो गज दूरी, मत भूलिए

हम सारी एहतियात बरतते हुए इकनॉमिक ऐक्टिविटीज को और आगे बढ़ाएंगे। हम आत्मनिर्भर भारत के लिए दिन रात एक करेंगे। हम सब 'लोकल के लिए वोकल' होंगे। हम 130 करोड़ देशवासियों को मिलजुल कर के, संकल्प के साथ काम भी करना है, आगे भी बढ़ना है। फिर से एक बार मैं आप सब से प्रार्थना करता हूँ, आप सभी स्वस्थ रहिए, दो गज की दूरी का पालन करते रहिए, गमछा , फेस कवर, मास्क ये हमेशा उपयोग कीजिये, कोई लापरवाही मत बरतिए।

**कोई भी नियमों से ऊपर नहीं:** पीएम ने बुल्गारिया के पीएम बोयको बोरिसेव का उदाहरण दिया। जिनपर फेस मास्क नहीं पहनने के कारण 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। भारत में गांव का प्रधान हो या देश का पीएम, कोई भी नियमों से ऊपर नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन पर नहीं बोले पीएम, राहुल का अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राहुल गांधी के संदेश को दरकिनार करते हुए पीएम मोदी ने अपने भाषण में चीन के मसले को लेकर कोई बयान नहीं दिया। इसके बाद से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। पीएम के संबोधन के तुरंत बाद राहुल गांधी ने ट्वीट कर शायराना अंदाज में मोदी पर तंज कसा। उन्होंने ट्वीट में लिखा, तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि काफिला कैसे लुटा, मुझे रहजनों से गिला तो है, पर तेरी रहबरी का सवाल है। इस ट्वीट से राहुल ने एक बार फिर चीन के मुद्दे पर पीएम मोदी पर सीधा हमला किया है।

### ममता बनर्जी ने 2021 तक बढ़ाई फ्री राशन योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। कोरोना काल में गरीबों को सरकार फ्री राशन दे रही है। अब इसी राशन के बहाने राजनीतिक हित साधने की कोशिशें भी शुरू हो गई हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फ्री राशन देने की योजना साल 2021 तक बढ़ा दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में नवंबर–2020 तक फ्री राशन दिए जाने की घोषणा की।

### कश्मीर को बदलने की कोशश कर रहा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इसलामाबाद। इमरान ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, पहले भारत ने भारत अधिकृत जम्मू–कश्मीर पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की और अब IOJK के जनसांख्यिकीय ढांचे में 25 हजार भारतीयों को निवास प्रमाण पत्र जारी कर बदलाव करने की कोशिश कर रहा है, जो अवैध है और संयुक्त राष्ट्र के रेजॉलूशन, अंतरराष्ट्रीय कानून और चौथे जेनेवा कन्वेन्शन का उल्लंघन है। इमरान ने कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से बात की है और दूसरे वर्ल्ड लीडर्स से भी बात कर रहे हैं।

# फ्रांस ने दोस्त भारत की तरफ बढ़ाया हाथ

## गलवान घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव के बीच फ्रांस ने भारत की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पर्ले ने कहा गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष में शहीद हुए भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ से मिलने की इच्छा जताई है। उन्होंने सोमवार को रक्षा मंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा है कि वह दोनों के बीच जारी बातचीत पूरी करने को इच्छुक हैं।

पर्ले ने कहा कि भारत और फ्रांस अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने लिखा कि राजनाथ सिंह के निमंत्रण पर वह उनसे मिलने को तैयार हैं और बाकी की बची बातचीत को पूरी करना चाहती हैं। उन्होंने अपने पत्र में गलवान घाटी में शहीद हुए भारतीय जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

उन्होंने लिखा, यह जवानों, उनके परिवारवालों और देश के लिए एक झटका है। इस मुश्किल घड़ी में मैं दोस्त भारत के प्रति फ्रांस सेना की तरफ से दोस्ती प्रकट करती हूं। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप मेरी श्रद्धांजलि पूरी भारतीय सेना और शहीदों के परिवारवालों को दें।

बता दें कि भारत फ्रांस से 36 राफेल विमान खरीदने का सौदा कर चुका है। 27 जुलाई को अंबाला एयरबेस में भारत को 6 राफेल विमान मिलने वाले हैं। बता दें कि पहले केवल 4 लड़ाकू विमान ही आने वाले थे लेकिन अब फुली लोडेड 6 राफेल आएंगे। भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव के बीच यह काफी अहम माना जा रहा है।





भारत और फ्रांस अच्छे दोस्त हैं। हम भारत के साथ बात करने को तैयार हैं।
–फ्लोरेंस पर्ले, फ्रांस की रक्षा मंत्री



### कोरोनिल पर लगी कोरोना की फोटो हटाए पतंजलि

**संवाददाता** देहरादून। कोरोनिल दवा पर पतंजलि ने उत्तराखंड आयुर्वेद विभाग को नोटिस का जवाब देते हुए कोरोना के इलाज के दावे से इनकार किया है। उत्तराखंड आयुर्वेद विभाग के लाइसेंस ऑफिसर वाई.एस. रावत ने बताया कि पतंजलि ने नोटिस के जवाब में लिखा है–कोरोना किट के नाम से कोई किट हमने पैक नहीं की है। हमने केवल दिव्य कोरोनिल टैबलेट, दिव्य अणु तेल और श्वासारी वटी को पैक किया है। उसे कोरोना किट नाम से पैक नहीं किया गया है इसलिए परमिशन की जरूरत नहीं है।

वाई.एस. रावत ने बताया कि हमें लगता है कि इन्होंने (पतंजलि) कोरोनिल की टैबलेट पर कोरोना का चित्र लगाया है जबकि इससे ये इनकार कर रहे हैं। हम इन्हें इस चित्र को हटाने के लिए कहेंगे। बता दें कि उत्तराखंड आयुष विभाग से मिले नोटिस के जवाब में पतंजलि ने कहा है कि उसने कोरोना की कोई दवा नहीं बनाई है।

# चीनी ऐप पर भारत में बैन से बौखलाया ड्रैगन

■ कहा–स्थिति की कर रहे हैं समीक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में सख्ती से चीन के साथ पेश आ रहे भारत ने अब उसे सामरिक के साथ आर्थिक मोर्चे पर घेरते हुए देश में 59 चीनी ऐप पर बैन लगा दिया है और गूगल को अपने प्ले स्टोर से उस सभी ऐप को हटाने का आदेश भी दे दिया है। भारत की इस कार्रवाई से चीन घबरा गया है और इसपर दुख जताते हुए स्थिति पर नजर रखने की बात करने लगा है। अभीतक गलवान में हेकड़ी दिखा रहे चीन भारत के इस ऐक्शन के बाद अब अंतरराष्ट्रीय कानून की दुहाई देने लगा है।

**भारत के ऐक्शन बाद चीन को हुई चिंताः** चीन के विदेश मंत्री के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने भारत के चीनी ऐप्स पर बैन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, चीन को काफी चिंता है और वह स्थिति की समीक्षा कर रहा है। बता दें कि दोनों देशों के बीच लद्दाख में एक महीने से ज्यादा वक्त से तनाव चल रहा है। गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे जबकि चीन के 40 जवान मारे गए थे।

**ड्रैगन को अब याद आया अंतरराष्ट्रीय कानूनः** हम कहना चाहते हैं कि चीनी सरकार हमेशा से अपने कारोबारियों को अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय नियमों को पालन करने को कहती रही है। भारत सरकार को चीनी समेत सभी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के कानूनी अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना का सबसे बुरा दौर आना बाकी

## कोरोना संक्रमण पर डब्लूएचओ की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेनेवा। दुनियाभर में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि अभी इस महामारी का सबसे बुरा दौर आना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के चीफ टेड्रोस एडहनॉम गिब्रयेसॉस ने कहा है कि अगर दुनियाभर की सरकारों ने सही नीतियों का पालन नहीं किया तो ये वायरस और लोगों को संक्रमित कर सकता है। कुछ दिनों पहले ही डब्लूएचओ चीफ ने दुनिया भर के नेताओं को राजनीति नहीं करने की चेतावनी दी थी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता में कमी, वैश्विक एकजुटता में कमी, और बंटी हुई दुनिया कोरोना वायरस की रफ्तार को बढ़ा रही हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो अभी सबसे बुरा दौर आना बाकी है। उन्होंने जर्मनी, दक्षिण कोरिया, और जापान के सरकारों के काम की तारीफ भी की और दूसरे देशों से भी इनके रास्ते पर चलने का आग्रह किया।